# राज्य लोक सेवा अभिकरण, म.प्र.

(म.प्र.शासन, लोक सेवा प्रबंधन विभाग की पंजीकृत संस्था)

रा.लो.से.अभि./विज्ञापन क्रमांक-02/2024 भोपाल दिनांक 07/06/2024

## विज्ञापन

दिव्यांगजन के लिए आरक्षित पद हेतु ऑनलाईन आवेदन राज्य लोक सेवा अभिकरण की वेबसाईट https://mpedistrict.gov.in पर आमंत्रित हैं। विज्ञापित पद हेतु निर्धारित अर्हताएं, चयन प्रक्रिया एवं पारिश्रमिक आदि संबंधी विवरण निम्नानुसार है-

दिव्यांगजन हेतु विशेष अभियान अंतर्गत संविदा पद

| क्र. | पद का नाम | दिव्यांगजन श्रेणी | कुल पद |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय सहायक | लोकोमोटर डिसेबिलिटी (सेरेब्रलपाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बोनापन, एसिट अटैक पीढ़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी) | 01 |

न्यूनतम अर्हताएं एवं पारिश्रमिक

| क्र. | पद का नाम | पद संख्या | अर्हताएं | पारिश्रमिक प्रतिमाह रूपये में |
|---|---|---|---|---|
| **दिव्यांगजन हेतु विशेष अभियान अंतर्गत संविदा पद** | | | | |
| 1 | कार्यालय सहायक (दिव्यांगजन) लोकोमोटर डिसेबिलिटी | 01 | स्नातक एवं पीजीडीसीए /डीसीए,<br>म.प्र.मैप आईटी द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणपत्र CPCT उत्तीर्ण<br>अनुभव- कार्यालयीन कार्य,डाटा इन्ट्री एवं फाईलों का रखरखाव, रिकार्ड इत्यादि के संधारण में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव<br>वांछनीय - ई-मेल, MS Office पर कार्य में दक्ष। | 19,500/- एकमुश्त |

**अंतिम तिथि-**

आवेदक द्वारा आवेदन के साथ, आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र वेबसाईट https://mpedistrict.gov.in पर दिनांक 23.06.2024 की सायं 5:00 बजे तक ऑनलाईन जमा किये जा सकेंगे।

**संविदा अवधि-**

प्रथमत: संविदा, नियुक्ति तिथि से 01 वर्ष की अवधि के लिए होगी, जिसे कार्य की आवश्यकता एवं कार्य मूल्यांकन के आधार पर बढाया जा सकेगा।

महत्वपूर्ण तिथियां -

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ तिथि | 08/06/2024 |
| ऑनलाईन आवेदन अंतिम तिथि | 23/06/2024 सायं 05:00 बजे तक |
| आगामी चयन / साक्षात्कार की प्रक्रिया की तिथि एवं समय | अभिकरण की वेबसाईट - https://mpedistrict.gov.in पर घोषित की जायेगी। |

अपात्रता के बिन्दु -

निम्नांकित अभ्यर्थी आवेदन / चयन हेतु पात्र नहीं है-

1. न्यायालय द्वारा दंडित।
2. निर्धारित तिथि दिनांक 01/04/2024 पर न्यूनतम अर्हतादायक शैक्षणिक/ अन्य योग्यता धारण न करने वाले अभ्यर्थी
3. मध्यप्रदेश के सक्षम प्राधिकारी के अतिरिक्त अन्य द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र धारक अभ्यर्थी

**चयन की प्रक्रिया-**

- कार्यालय सहायक के पद पर नियुक्ति वॉक-इन-इन्टरव्यू के माध्यम से चयन समिति द्वारा की जायेगी ।

**आयु सीमा-**

- आवेदक की न्यूनतम आयु 21 होना अनिवार्य है। दिनांक 01/04/2024 को आयु की गणना एवं अन्य अर्हताओं के निर्धारण हेतु मान्य किया जावेगा।
- आवेदक की आयु की अधिकतम सीमा में मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार छूट रहेगी।

**सामान्य निर्देश-**

- अभ्यर्थियों को अभिकरण की वेबसाइट- https://mpedistrict.gov.in के माध्यम से केवल ऑनलाईन ही आवेदन करना होगा, इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं करते हुये निरस्त किया जाएगा।
- दिव्यांगजन हेतु आरक्षित कार्यालय सहायक पद हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी मध्यप्रदेश के मूल निवास प्रमाण पत्र, सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र धारक अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।
- आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए।
- साक्षात्कार के समय सभी प्रमाण-पत्रों एवं पहचान पत्र की मूल प्रतियां दिखाना अनिवार्य है।

- आवेदक अपना ई-मेल एवं मोबाईल नम्बर का सही उल्लेख करें ताकि समय-समय पर उन पर सूचना प्रेषित की जा सके।
- नियुक्त उम्मीदवार के विरूद्ध किसी भी प्रकार का अपराध सिद्ध पाये जाने पर नियुक्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त की जा सकेगी।
- आवेदक द्वारा आवेदन के समय यदि कोई गलत जानकारी भरी जाती है तो आवेदन निरस्त किया जायेगा।
- नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार कार्यपालक संचालक, राज्य लोक सेवा अभिकरण, म.प्र. के पास सुरक्षित होंगे।
- भर्ती प्रक्रिया के समय किसी भी तरह के विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार जिला भोपाल न्यायालय के अधीन रहेगा।
- इस चयन प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर कोई भी विसंगति पाएं जाने पर उसके निराकरण के संबंध में समुचित कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार अभिकरण के पास सुरक्षित है।
- इस चयन प्रक्रिया को किसी भी स्तर पर निरस्त करने का पूर्ण अधिकार राज्य लोक सेवा अभिकरण के पास सुरक्षित है।
- अभिकरण द्वारा आवेदन हेतु कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है।
- अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है वे अभिकरण की वेबसाईट का नियमित अवलोकन करने रहें क्योंकि समस्त सूचनाएं अधिसूचनाएं तथा सफल अभ्यर्थियों की सूची आदि केवल अभिकरण की वेबसाईट पर प्रदर्शित की जायेगी
- आवेदन भरने हेतु दिशा निर्देश -
- समस्त अर्हतादायी प्रमाण पत्रों को अपलोड करना अनिवार्य है जो केवल PDF format (कुल अधिकतम आकार 1 MB प्रति प्रमाण पत्र) में ही होना चाहिए।
- फोटो- केवल PNG/JPG format में स्कैन किए हुये नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो अपलोड करना अनिवार्य है। फोटोग्राफ अधिकतम 200 KB का होना चाहिए।

**अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज-**

- कक्षा 10वी की अंकसूची ।
- कक्षा 12वी की अंकसूची।
- अहर्तादायी स्नातक /स्नातकोत्तर उपाधि के अंतिम वर्ष / सेमेस्टर की अंकसूची।
- डिप्लोमा /सीपीसीटी प्रमाण पत्र (जहां लागू हो)
- नवीनतम अनुभव प्रमाण पत्र
- मध्यप्रदेश का मूल निवासी प्रमाण पत्र
- दिव्यांगता का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।

**आवेदन की प्रक्रिया-**

- सर्वप्रथम अभ्यर्थी संपूर्ण अधिसूचना एवं उसमें दिए गए उल्लेखित निर्देशों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें ताकि वे संबंधित पद हेतु निर्धारित आयु, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य निर्देशों से अवगत हो सके।
- आवेदन हेतु पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी अभिकरण की वेबसाईट https://mpedistrict.gov.in अंतर्गत उपलब्ध लिंक के माध्यम से ही ऑनलाईन आवेदन करें।
- ऑनलाईन आवेदन भरने के उपरांत अभ्यर्थी उसका प्रिन्टआउट अवश्य प्राप्त कर लें।
- अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में किए गए उल्लेख अनुसार समस्त अभिलेख / प्रमाण पत्र अनिवार्यत: अपलोड किए जाएं।
- अभिलेखों का सत्यापन / साक्षात्कार के समय ऑनलाईन आवेदन का प्रिंटआउट तथा समस्त अहर्तादायक मूल अभिलेख (स्वप्रमाणित छाया प्रतियों के 2 सेट सहित ) प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

  **संपर्क-** e-mail id- loksevamp@gmail.com

**अन्य निर्देश-**

- यदि किसी भी समय किसी भी स्तर पर पाया जाता है कि अभ्यर्थी ने त्रुटिपूर्ण / अपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की है तो उनकी उम्मीदवारी निरस्त की जायेगी।
- चयन प्रक्रिया एवं नियमों के संबंध में किसी भी प्रकार की विसंगति अथवा व्याख्या की आवश्यकता की स्थिति में अभिकरण कार्यपालन संचालक का निर्णय मान्य होगा।
- न्यायिक विवाद की स्थिति में भोपाल जिला न्यायालय का क्षेत्राधिकार ही मान्य होगा।